# PAPER-II
# PUBLIC ADMINISTRATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________
2. (Signature) ___________________________
   (Name) ___________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

Roll No.___________________________________
(In words)

**D 1 4 1 0**

Time : 1 ¼ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** | Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the oval as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **Answer Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the ovals in the Answer Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your name or put any mark on any part of the test booklet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and OMR Answer sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के दीर्घवृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   उदाहरण : (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । यदि आप उत्तर पत्रक पर दिये गये दीर्घवृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं OMR उत्तर-पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें ।
10. केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।
11. किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।
12. गलत उत्तरों के लिए कोई अंक काटे नहीं जाएँगे ।

## PUBLIC ADMINISTRATION

## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions, each question carrying **two (2)** marks. Attempt **all** the questions.

**1.** "Administration has to do with getting things done; with the accomplishment of defined objectives." The above statement reflects the

(A) Narrower view of public administration

(B) Integral view of public administration

(C) Wider view of public administration

(D) Managerial view of public administration

**2.** The public choice school sets a concept of

(A) Democratic administration

(B) Comparative administration

(C) Rural and local administration

(D) International administration

**3.** Who suggested the concept of "Gang Plank" ?

(A) Frederic W. Taylor

(B) Henry Fayol

(C) Max Weber

(D) Luther Gulick

**4.** According to Herbert A. Simon 'satisficing' refers to satisfaction which is

(A) subjective

(B) good enough

(C) client-oriented

(D) objective

**5.** 'Heuristics' in the context of decision making implies

(A) Judgemental shortcuts in decision making.

(B) Judgement based on indepth analysis.

(C) Reviewing training methods for employees.

(D) Reviewing recruitment methods for employees.

**6.** The statement regarding authority as "The right to give orders and the power to exact obedience" is attributed to

(A) Henry Fayol (B) J.D. Millet

(C) C.I. Barnard (D) Max Weber

**7.** The main functions of Cabinet Secretariat are

(i) to prepare and finalise rules of business of Government.

(ii) to function as chief coordinating agency in Central Government.

(iii) organisation and re-organisation of Ministries.

(iv) maintain liaison with President, Governors and Foreign representatives in the country.

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) (ii) (iv)

(B) (ii) (iii) (i)

(C) (i) (ii) (iii)

(D) (i) (iii) (iv)

## लोक प्रशासन

### प्रश्नपत्र – II

**नोट :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**1.** "प्रशासन परिभाषित उद्देश्यों को पूरा करते हुए कार्य करवाना है ।" उपर्युक्त कथन से परिलक्षित होता है

(A) लोक प्रशासन का संकीर्ण दृष्टिकोण

(B) लोक प्रशासन का एकीकृत दृष्टिकोण

(C) लोक प्रशासन का व्यापक दृष्टिकोण

(D) लोक प्रशासन का प्रबन्धकीय दृष्टिकोण

**2.** 'पब्लिक चॉइस स्कूल' निम्न में से कौन सी अवधारणा निर्धारित करता है ?

(A) लोकतांत्रिक प्रशासन

(B) तुलनात्मक प्रशासन

(C) ग्रामीण और स्थानीय प्रशासन

(D) अन्तर्राष्ट्रीय प्रशासन

**3.** 'गैंग प्लेंक' की अवधारणा का सुझाव किसने दिया था ?

(A) फ्रेडरिक डब्ल्यू. टेलर

(B) हेनरी फेयोल

(C) मैक्स वेबर

(D) लूथर गुलिक

**4.** हर्बर्ट ए. साइमन के अनुसार "संतोष" ऐसी 'संतुष्टि' को अभिप्रेत करता है, जो

(A) व्यक्तिनिष्ठ है ।

(B) पर्याप्त है ।

(C) ग्राहकोन्मुखी है ।

(D) वस्तुनिष्ठ है ।

**5.** निर्णय लेने के प्रसंग में स्वत: शोध प्रणाली (Heuristics) से तात्पर्य है

(A) निर्णय निर्माण में परख का संक्षिप्तीकरण ।

(B) गहन विश्लेषण पर आधारित निर्णय ।

(C) कर्मचारियों की प्रशिक्षण पद्धतियों का पुनरीक्षण ।

(D) कर्मचारियों की भर्ती पद्धतियों का पुनरीक्षण ।

**6.** "यह आदेश देने का अधिकार और आज्ञा पालन कराने की शक्ति है ।" प्राधिकार के बारे में यह कथन किसका है ?

(A) हेनरी फेयोल

(B) जे.डी. मिलेट

(C) सी.आई. बर्नार्ड

(D) मैक्स वेबर

**7.** मंत्रीमण्डल सचिवालय के मुख्य कार्य हैं

(i) सरकार के कारोबार के नियमों को तैयार करना और अन्तिम रूप देना ।

(ii) केन्द्रीय सरकार में प्रधान समन्वयकारी एजेन्सी के रूप में कार्य करना ।

(iii) मन्त्रालयों का संगठन और पुन:संगठन ।

(iv) देश में राष्ट्रपति, राज्यपालों और विदेशी प्रतिनिधियों के साथ सम्पर्क बनाये रखना ।

नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i) (ii) (iv)

(B) (ii) (iii) (i)

(C) (i) (ii) (iii)

(D) (i) (iii) (iv)

8. National Development Council is concerned with the work of

(i) assessment of resources for the National Plan.

(ii) formation of National Plan.

(iii) consideration of the National Plan.

(iv) review of the National Plan.

Choose the correct answer from the following answer code :

**Codes :**

(A) (i) (iii) (iv)

(B) (i) (ii) (iii)

(C) (ii) (iii) (iv)

(D) (i) (ii) (iv)

9. Prime Minister's Office has the following characteristics :

(i) It is a staff agency.

(ii) It enjoys status of a Ministry.

(iii) It has replaced Prime Minister's Secretariat.

(iv) It is an extra-constitutional body.

Select the answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (ii) (iii) (iv)

(C) (i) (iii) (iv)

(D) (i) (ii) (iii)

10. In the USA, the 'Spoils System' was discarded in favour of the 'Merit Principle' by the

(A) Civil Services Reforms Act, 1978.

(B) Pendleton Act, 1939.

(C) Hatch Act, 1939.

(D) Civil Service Act of 1853.

11. In ancient history, the necessity of sound recruitment policy for the public services was first recognised by

(A) China

(B) Egypt

(C) Greece

(D) Prussia

12. The principle of political neutrality of the Civil Servants does not postulate that

(A) Civil Servants must advise without any fear.

(B) Civil Servants must place at the disposal of the Minister all their expertise and knowledge.

(C) Civil Servants must help the Ministers at the time of political crisis in the country.

(D) Civil Servants must accept and implement the decisions of the Minister with full loyalty and zeal.

13. A member of State Public Service Commission is eligible to become

(A) Chairman of State Public Service Commission

(B) Chairman of any other State Public Service Commission.

(C) Chairman of U.P.S.C.

(D) All the above

**8.** राष्ट्रीय विकास परिषद का सरोकार निम्नांकित के कार्य से है :

(i) राष्ट्रीय योजना के लिये संसाधनों का मूल्यांकन ।

(ii) राष्ट्रीय योजना का निर्माण ।

(iii) राष्ट्रीय योजना पर विचार करना ।

(iv) राष्ट्रीय योजना का पुनरावलोकन ।

निम्नांकित उत्तरकूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i) (iii) (iv)

(B) (i) (ii) (iii)

(C) (ii) (iii) (iv)

(D) (i) (ii) (iv)

**9.** प्रधानमंत्री कार्यालय की निम्नलिखित विशेषताएँ होती हैं :

(i) यह एक स्टाफ एजेंसी है ।

(ii) इसे मंत्रालय का स्तर प्राप्त है ।

(iii) इसका गठन प्रधानमंत्री सचिवालय के स्थान पर किया गया है ।

(iv) यह एक गैर-सांविधानिक निकाय है ।

नीचे दिए गए कूटों से उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (ii) (iii) (iv)

(C) (i) (iii) (iv)

(D) (i) (ii) (iii)

**10.** यू.एस.ए. में "योग्यताक्रम के सिद्धांत" के पक्ष में "पदपुरस्कार प्रणाली" को छोड़ दिया गया । निम्न में से किसके द्वारा छोड़ दिया गया ?

(A) सिविल सेवा सुधार अधिनियम, 1978

(B) पेंडलेटन अधिनियम, 1939

(C) हैच अधिनियम, 1939

(D) सिविल सेवा अधिनियम, 1853

**11.** प्राचीन इतिहास में ठोस भर्ती नीति की लोक सेवाओं के लिए आवश्यकता को सर्वप्रथम किसके द्वारा माना गया ?

(A) चीन

(B) मिस्र

(C) ग्रीस

(D) प्रशिया

**12.** सिविल सेवकों की राजनीतिक तटस्थता का सिद्धान्त यह नहीं मान कर चलता है कि

(A) सिविल सेवकों को बिना भय के सलाह देनी है ।

(B) सिविल सेवकों को अपनी सारी सुविज्ञता और ज्ञान मन्त्री के लिये समर्पित कर देना चाहिए ।

(C) सिविल सेवकों को देश में राजनीतिक संकट के समय पर मन्त्रियों की सहायता करना है ।

(D) सिविल सेवकों को मन्त्री के निर्णयों को पूरी निष्ठा और उत्साह के साथ स्वीकार और क्रियान्वित करना है ।

**13.** राज्य लोक सेवा आयोग का सदस्य निम्नलिखित पद के लिए पात्र है :

(A) राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष

(B) किसी अन्य राज्य लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष

(C) संघ लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष

(D) उपर्युक्त सभी

**14.** The electoral college for election of President of India consists of

(A) Elected Members of State Legislative Assemblies.

(B) Elected Members of Parliament.

(C) Members of State Legislative Assemblies, Lok Sabha and Rajya Sabha

(D) Elected M.L.A.s, M.P.s and members from some Union Territories

**15.** Which of the following is not a feature of "Sala" prismatic administration of the Riggsian Model ?

(A) Nepotism

(B) Administrative rationality and efficiency

(C) Unofficial income (corruption)

(D) Political policies are not clearly designed

**16.** 'No tax shall be levied or collected except by an authority of law." Which Article of the Constitution of India provides this ?

(A) Article 209

(B) Article 215

(C) Article 256

(D) Article 265

**17.** A 'questionnaire' has the following characteristics :

(i) Well structured

(ii) Administered personally

(iii) Simple and concise

(iv) Administered to sampled respondents

Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) (i) (ii) (iii)

(B) (ii) (iii) (iv)

(C) (i) (iii) (iv)

(D) (i) (ii) (iv)

**18.** The Finance Commission constituted under Article 243 Y is required to make recommendations to the Governor on

(i) Distribution between the State and Municipalities of the net proceeds of duties, tolls and fees levied by the State.

(ii) Grants-in-aid to Municipalities from Consolidated Fund of India.

(iii) The measures needed to improve financial position of Municipalities.

(iv) Determination of duties, tolls and fees which may be assigned to the Municipalities.

Choose the correct answer from the following codes :

**Codes :**

(A) (i) (ii) (iii)

(B) (i) (iii) (iv)

(C) (i) (ii) (iii) (iv)

(D) (ii) (iii) (iv)

**14.** भारत के राष्ट्रपति के चुनाव के लिये निर्वाचक मंडल में शामिल है

(A) राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्य

(B) संसद के निर्वाचित सदस्य

(C) राज्य विधान सभाओं, लोक सभा और राज्य सभा के सदस्य

(D) निर्वाचित विधायक, सांसद और कतिपय संघराज्यों के सदस्य

**15.** निम्नलिखित में से कौन सा रिग्गसिएन प्रतिमान के "साला" समपार्श्विक प्रशासन की विशेषता नहीं है ?

(A) भाई-भतीजावाद

(B) प्रशासनिक तार्किकता और दक्षता

(C) गैर-सरकारी आय (भ्रष्टाचार)

(D) राजनीतिक नीतियाँ स्पष्ट रूप से तैयार नहीं की गई हों ।

**16.** कानूनी प्राधिकारी के सिवाय किसी के द्वारा कोई कर लगाया या वसूल नहीं किया जाएगा : भारत के संविधान में किस अनुच्छेद में यह कहा गया है ?

(A) अनुच्छेद 209

(B) अनुच्छेद 215

(C) अनुच्छेद 256

(D) अनुच्छेद 265

**17.** 'प्रश्नावली' की निम्नलिखित विशेषताएँ होती है :

(i) सुगठित

(ii) व्यक्तिगत रूप से प्रशासित

(iii) सरल और सुस्पष्ट

(iv) प्रतिदर्श में चयनित उत्तरदाताओं पर प्रशासित

निम्नलिखित कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i) (ii) (iii)

(B) (ii) (iii) (iv)

(C) (i) (iii) (iv)

(D) (i) (ii) (iv)

**18.** अनुच्छेद 243 Y के अंतर्गत गठित वित्त आयोग से राज्यपाल को निम्नलिखित पर अनुशंसा किया जाना अपेक्षित है :

(i) राज्य द्वारा लगाये मार्गकर, फीस और शुल्क से प्राप्त निवल आय का राज्य और नगरपालिकाओं के बीच विभाजन ।

(ii) भारत की संचित निधि से नगर-पालिकाओं को सहायक अनुदान ।

(iii) नगरपालिकाओं की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिये आवश्यक उपाय ।

(iv) नगरपालिकाओं को निर्दिष्ट किये जा सकने वाले शुल्क, मार्गकर और फीस का निर्धारण ।

निम्नांकित कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) (i) (ii) (iii)

(B) (i) (iii) (iv)

(C) (i) (ii) (iii) (iv)

(D) (ii) (iii) (iv)

**19.** A "Nagar Panchayat" under Art. 243 Q refers to

(A) a smaller urban area

(B) a transition from a rural to urban area

(C) a larger urban area

(D) none of above

Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R). Examine these two statements carefully and state if the Assertion (A) and the Reason (R) are individually true and if so, whether the Reason is a correct explanation of Assertion :

Select the correct answer from the codes given below the question.

**20.** **Assertion (A) :** Minnowbrook Conference has concentrated more on client orientation and social equity.

**Reason (R) :** The technologies of E-Governance serve to provide delivery of Government services to citizens and improved reaction with business and industry.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**21.** **Assertion (A) :** According to Weber, all power and all authority is legitimate.

**Reason (R) :** According to Weber, authority is always based on a popular belief structure.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**22.** **Assertion (A) :** Each individual has a set of needs.

**Reason (R) :** Interests are usually a product of a fusion of several needs.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation.

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**23.** **Assertion (A) :** Decentralization, devolution and deconcentration signify transfer of authority.

**Reason (R) :** Delegation is a means of distributing authority in the organisation.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**19.** अनुच्छेद 243 क्यू के अधीन "नगर पंचायत" से तात्पर्य है

(A) एक लघुत्तर शहरी क्षेत्र ।

(B) ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में संक्रमण ।

(C) एक बृहत्तर शहरी क्षेत्र ।

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं ।

नीचे दो वक्तव्य दिये गए हैं, जिसमें से एक को कथन (A) तथा दूसरे को तर्क (R) कहा गया है । दोनों वक्तव्यों का ध्यानपूर्वक परीक्षण कीजिए तथा बताइए कि क्या कथन (A) तथा तर्क (R) वैयक्तिक रूप से सही है तथा क्या तर्क, कथन का स्पष्टीकरण है ।

नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**20.** **अभिकथन** (A) : मिन्नोब्रूक सम्मेलन ग्राहक उन्मुख तथा सामाजिक समता पर अधिक केन्द्रित रहा है ।

**कारण** (R) : ई-शासन की प्रौद्योगिकी नागरिकों को सरकारी सेवायें तथा कारोबार व उद्योग के साथ सुधरी हुई प्रतिक्रिया प्रदान करती हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**21.** **अभिकथन** (A) : वेबर के अनुसार सभी शक्तियाँ और प्राधिकार वैध हैं ।

**कारण** (R) : वेबर के अनुसार प्राधिकार हमेशा लोकप्रिय विश्वास के ढाँचे पर आधारित है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**22.** **अभिकथन** (A) : प्रत्येक व्यक्ति की कुछ आवश्यकताएँ होती हैं ।

**कारण** (R) : हित सामान्यत: कई आवश्यकताओं के समेकन का फल है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**23.** **अभिकथन** (A) : विकेंद्रीकरण, हस्तांतरण और विसंकेंद्रण से प्राधिकार के अंतरण का महत्त्व है ।

**कारण** (R) : प्रत्यायोजन संगठन में प्राधिकार के वितरण का माध्यम है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

24. **Assertion (A) :** Comparative Public Administration is an effort to study administrative systems in their ecological context.

**Reason (R) :** Social and economic factors influence administration.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

25. **Assertion (A) :** There is a lack of public participation in development activities in India.

**Reason (R) :** Indian bureaucracy is not properly trained for development activities.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

26. **Assertion (A) :** All India Services have made a dent on the principle of federalism and autonomy of the States.

**Reason (R) :** Officers of All India Services are under the rules and regulations of Central Government and the States cannot keep proper control over them.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

27. **Assertion (A) :** Planning Commission is neither a statutory body nor a constitutional body.

**Reason (R) :** It has been established by an Executive Order.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**24.** **अभिकथन (A) :** तुलनात्मक लोक प्रशासन प्रशासनिक प्रणालियों का उनके पारिस्थितिक प्रसंग में अध्ययन का एक प्रयास है ।

**कारण (R) :** सामाजिक और आर्थिक कारक प्रशासन को प्रभावित करते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**25.** **अभिकथन (A) :** भारत में विकास संबंधी क्रियाकलापों में आम जनता की भागीदारी की कमी है ।

**कारण (R) :** विकास संबंधी क्रियाकलापों के लिए भारतीय नौकरशाही को उचित रूप से प्रशिक्षित नहीं किया जाता है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**26.** **अभिकथन (A) :** अखिल भारतीय सेवाएँ राज्यों की संघात्मकता और स्वायत्तता के सिद्धांत पर आधारित है ।

**कारण (R) :** अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारी केंद्रीय सरकार के नियमों और विनियमों के अधीन आते हैं और राज्य उन पर उचित नियंत्रण नहीं रख पाते हैं ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**27.** **अभिकथन (A) :** योजना आयोग न तो कानूनी निकाय है न ही सांविधानिक निकाय है ।

**कारण (R) :** इसकी स्थापना कार्यपालक आदेश से की गई है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**28.** **Assertion (A) :** Company form of Public Enterprise is described as a fraud on the Constitution.

**Reason (R) :** It evades constitutional responsibility.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are correct, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**29.** **Assertion (A) :** The Sarvodaya Philosophy has totally opposed the Political Parties entry to contest village panchayat elections.

**Reason (R) :** Dr. Ambedkar has described the village as "the hub of parochialism, narrow minded, oppressed and caste oriented one".

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**30.** Arrange the following thinkers in chronological order. Select the right answer from the codes given below :

(i) Herbert A. Simon

(ii) F.W. Taylor

(iii) Elton Mayo

(iv) Yehezkel Dror

**Codes :**

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (ii) (iii) (iv) (i)

(C) (ii) (iii) (i) (iv)

(D) (i) (iii) (ii) (iv)

**31.** Arrange the following theories of motivation in a chronological order. Select the correct answer from the codes given below :

(i) Maturity – Immaturity Theory

(ii) ERG Theory

(iii) Expectancy Theory

(iv) Equity Theory

(v) Theory X and Theory Y

**Codes :**

(A) (i) (v) (iii) (iv) (ii)

(B) (v) (i) (ii) (iv) (iii)

(C) (i) (v) (iv) (ii) (iii)

(D) (i) (v) (iv) (iii) (ii)

**32.** Arrange the following in their chronological order. Select the right answer from the codes given below :

(i) Sala Model

(ii) Mental Revolution

(iii) Disjointed Incrementalism

(iv) Hygiene Factor

**Codes :**

(A) (i) (iii) (iv) (ii)

(B) (ii) (iv) (i) (iii)

(C) (i) (ii) (iii) (iv)

(D) (ii) (iii) (iv) (i)

**28.** **अभिकथन (A) :** सरकारी उपक्रम के रूप में कंपनी को संविधान के प्रति कपट माना जाता है ।

**कारण (R) :** यह सांविधानिक दायित्व का अपवंचन है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (A) का (R) सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, परंतु (A) का (R) सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**29.** **अभिकथन (A) :** सर्वोदय दर्शन में ग्राम पंचायतों के चुनावों में राजनीतिक दलों के प्रवेश का पूर्णत: विरोध किया गया है ।

**कारण (R) :** डॉ. अंबेडकर ने गांवों को "अनुदारता, संकीर्णता, दमन और जातिवाद का केंद्र" बताया है ।

**कूट :**

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**30.** निम्न विचारकों को कालानुक्रम अनुसार व्यवस्थित करें । नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन करें :

(i) हरबर्ट ए. साइमन

(ii) एफ.डब्ल्यू. टेलर

(iii) एल्टन मेयो

(iv) येजकेल ड्रोर

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (D) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**31.** अभिप्रेरणा के निम्नलिखित सिद्धान्तों को कालानुक्रम अनुसार व्यवस्थित कीजिए और दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) परिपक्वता – अपरिपक्वता सिद्धान्त

(ii) ई.आर.जी. सिद्धान्त

(iii) प्रत्याशा सिद्धान्त

(iv) समता सिद्धान्त

(v) सिद्धान्त X और सिद्धान्त Y

**कूट :**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (v) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (v) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (C) | (i) | (v) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (D) | (i) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |

**32.** निम्नलिखित को उनके कालानुक्रम अनुसार व्यवस्थित करें और नीचे दिए गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) साला मॉडल

(ii) मानसिक क्रांति

(iii) पृथक्करण में वृद्धि

(iv) स्वच्छता कारक

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (D) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |

**33.** Arrange the following in their chronological order. Select the right answer from the codes given below :

(i) National Commission to Review the Working of the Constitution – M.N. Venkatachaliah.

(ii) Committee on Civil Service Reforms – P.C. Hota

(iii) Finance Commission – C. Rangarajan

(iv) Commission on Centre-State Relations – R.S. Sarkaria

**Codes :**

(A) (iv) (ii) (i) (iii)

(B) (ii) (i) (iii) (iv)

(C) (i) (ii) (iii) (iv)

(D) (iv) (i) (ii) (iii)

**34.** Which of the following is the correct sequence for budget preparation ? Select the correct answer from the given code :

(i) Scrutiny by Controlling Officers.

(ii) Scrutiny by Finance Ministry.

(iii) Scrutiny by Estimates Committee.

(iv) Scrutiny by Administrative Ministry.

**Codes :**

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (i) (iv) (ii) (iii)

(C) (iv) (i) (iii) (ii)

(D) (i) (iii) (ii) (iv)

**35.** Arrange the Project Planning exercise in a sequential manner. Select the correct answer from the given code :

(i) Plan (ii) Programme

(iii) Policy (iv) Project

(v) Activity

**Codes :**

(A) (i) (ii) (iii) (iv) (v)

(B) (iii) (i) (ii) (iv) (v)

(C) (ii) (iii) (iv) (v) (i)

(D) (iv) (ii) (i) (iii) (v)

**36.** The sequence in which the classification of accounting structure in India is followed. Choose the correct answer from the given code :

(i) Major Head

(ii) Sub Head

(iii) Minor Head

(iv) Detailed Head

(v) Sectoral Head

**Codes :**

(A) (v) (i) (iii) (ii) (iv)

(B) (i) (v) (ii) (iv) (iii)

(C) (iv) (i) (v) (ii) (iii)

(D) (ii) (iii) (iv) (i) (v)

**37.** Arrange the following units of local Government in France in descending order. Choose the correct answer from the given code :

(i) Arrondisement (ii) Commune

(iii) Department (iv) Canton

**Codes :**

(A) (iii) (iv) (ii) (i)

(B) (iii) (i) (iv) (ii)

(C) (iii) (i) (ii) (iv)

(D) (iii) (iv) (i) (ii)

**33.** निम्नलिखित को उनके कालानुक्रम अनुसार व्यवस्थित करें । नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) राष्ट्रीय संविधान कार्यकरण संबंधी आयोग – एम.एन. वैंकटचैलेया

(ii) असैनिक सेवा सुधार संबंधी समिति – पी.सी. होटा

(iii) वित्त आयोग – सी. रंगाराजन

(iv) केंद्र-राज्य संबंध आयोग – आर.एस. सरकारिया

**कूट :**

(A) (iv) (ii) (i) (iii)

(B) (ii) (i) (iii) (iv)

(C) (i) (ii) (iii) (iv)

(D) (iv) (i) (ii) (iii)

**34.** बजट तैयार करने के लिए कौन सा अनुक्रम सही है ? प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) नियंत्रण अधिकारी द्वारा संवीक्षा

(ii) वित्त मंत्रालय द्वारा संवीक्षा

(iii) प्राक्कलन समिति द्वारा संवीक्षा

(iv) प्रशासनिक मंत्रालय द्वारा संवीक्षा

**कूट :**

(A) (i) (ii) (iii) (iv)

(B) (i) (iv) (ii) (iii)

(C) (iv) (i) (iii) (ii)

(D) (i) (iii) (ii) (iv)

**35.** परियोजना निर्माण की प्रक्रिया को क्रमबद्ध तरीके से व्यवस्थित कीजिए

(i) योजना (ii) कार्यक्रम

(iii) नीति (iv) परियोजना

(v) गतिविधि

**कूट :**

(A) (i) (ii) (iii) (iv) (v)

(B) (iii) (i) (ii) (iv) (v)

(C) (ii) (iii) (iv) (v) (i)

(D) (iv) (ii) (i) (iii) (v)

**36.** उस अनुक्रम का निर्धारण कीजिए, जिसमें भारत में लेखांकन ढाँचे का वर्गीकरण किया जाता है । प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) मुख्य शीर्ष

(ii) उप शीर्ष

(iii) लघु शीर्ष

(iv) विस्तृत शीर्ष

(v) क्षेत्रीय शीर्ष

**कूट :**

(A) (v) (i) (iii) (ii) (iv)

(B) (i) (v) (ii) (iv) (iii)

(C) (iv) (i) (v) (ii) (iii)

(D) (ii) (iii) (iv) (i) (v)

**37.** फ्रांस में स्थानीय सरकार की निम्नलिखित इकाइयों को अवरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :

(i) एरोंडिसमेंट (ii) कम्यून

(iii) डिपार्टमेंट (iv) केंटन

**कूट :**

(A) (iii) (iv) (ii) (i)

(B) (iii) (i) (iv) (ii)

(C) (iii) (i) (ii) (iv)

(D) (iii) (iv) (i) (ii)

**38.** Match the nature of the management systems of 1 – 4 of Renesis Likert.

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Management System-2 | (i) | Consultative |
| (b) | Management System-1 | (ii) | Benevolent |
| (c) | Management System-4 | (iii) | Exploitative |
| (d) | Management System-3 | (iv) | Participative |
| | | (v) | Authoritative |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**39.** Match the models conceived by the authors.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | The Linking PIN Model | (i) | Herbert A. Simon |
| (b) | Need Hierarchy Model | (ii) | Renesis Likert |
| (c) | T Group Model | (iii) | Abraham Maslow |
| (d) | Decision Making Model | (iv) | Chris Argyris |
| | | (v) | Max Weber |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (v) |

**40.** Match List – I with List – II, select the correct answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | Security of Civil Servants | (i) | Article 309 |
| (b) | Union Public Service Commission | (ii) | Article 323 A |
| (c) | Recruitment and conditions of service of persons serving the Union or a State | (iii) | Article 315 |
| (d) | Administrative Tribunal | (iv) | Article 311 |
| | | (v) | Article 312 |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (v) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |

**41.** Match List – I with List – II, select the correct answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| (a) | CBI Academy | (i) | Bhopal |
| (b) | National Institute for SMART Government | (ii) | Ghaziabad |
| (c) | Indira Gandhi Institute of Development Research | (iii) | Hyderabad |
| (d) | National Judicial Academy | (iv) | Mumbai |
| | | (v) | New Delhi |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**38.** रेंसिस लिकर्ट के 1-4 की प्रबन्धन प्रणाली के स्वरूप से मिलान कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|
| (a) प्रबन्धन प्रणाली-2 | (i) | परामर्शी |
| (b) प्रबन्धन प्रणाली-1 | (ii) | हित लाभ |
| (c) प्रबन्धन प्रणाली-4 | (iii) | शोषणात्मक |
| (d) प्रबन्धन प्रणाली-3 | (iv) | भागीदारी |
| | (v) | सत्तावादी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iii) | (iv) | (ii) |
| (B) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (D) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**39.** लेखकों द्वारा प्रतिपादित मॉडलों का मिलान कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (a) लिंकिंग पिन मॉडल | (i) | हर्बर्ट ए. साइमन |
| (b) आवश्यकता सोपान मॉडल | (ii) | रेंसिस लिकर्ट |
| (c) टी ग्रुप मॉडल | (iii) | अब्राहम मास्लो |
| (d) निर्णय निर्माण मॉडल | (iv) | क्रिस आर्गिरिस |
| | (v) | मैक्स वेबर |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |
| (B) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (C) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (D) | (i) | (iv) | (iii) | (v) |

**40.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए और निम्न कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|
| (a) लोक सेवकों की सुरक्षा | (i) | अनुच्छेद 309 |
| (b) संघ लोक सेवा आयोग | (ii) | अनुच्छेद 323 A |
| (c) संघ या किसी राज्य में सेवारत कर्मचारियों की भर्ती और सेवा शर्तें | (iii) | अनुच्छेद 315 |
| (d) प्रशासनिक न्यायाधिकरण | (iv) | अनुच्छेद 311 |
| | (v) | अनुच्छेद 312 |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (v) | (iv) |
| (B) | (iv) | (ii) | (i) | (iii) |
| (C) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (D) | (iii) | (ii) | (v) | (i) |

**41.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए । नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | | सूची – II |
|---|---|---|
| (a) सी.बी.आई. अकादमी | (i) | भोपाल |
| (b) राष्ट्रीय स्मार्ट सरकार संस्थान | (ii) | गाज़ियाबाद |
| (c) इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान | (iii) | हैदराबाद |
| (d) राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी | (iv) | मुंबई |
| | (v) | नई दिल्ली |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (B) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (C) | (iii) | (v) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**42.** Match List – I with List – II and select the correct answer by using codes given below the lists :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) First Finance Commission, 1951 | (i) Dr. C. Rangarajan |
| (b) Fifth Finance Commission, 1968 | (ii) Dr. Vijay Kelkar |
| (c) Ninth Finance Commission, 1987 | (iii) N.K.P. Salve |
| (d) Thirteenth Finance Commission, 2007 | (iv) Mahavir Tyagi |
| | (v) K.C. Neogy |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |
| (D) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |

**43.** Match List – I with List – II, select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) PPBS | (i) Truman |
| (b) Top-down Budgeting | (ii) Carter |
| (c) Zero-based Budgeting | (iii) Johnson |
| (d) Performance Budget | (iv) Nicholas Henry |
| | (v) Herbert Simon |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (v) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**44.** Match List – I with List – II, select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Economy cut | (i) The amount of demand reduced by Rs. 100/- |
| (b) Policy cut | (ii) The amount of demand be reduced by a specific amount |
| (c) Token cut | (iii) The amount of demand be reduced by a sum of Re. 1/- |
| | (iv) That the whole demand be rejected. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) |
|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) |

**45.** Match List – I with List – II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Comparative Administration | (i) Robert Dahl |
| (b) New Public Administration | (ii) Dwight Waldo |
| (c) Administrative Development | (iii) Edward Weidner |
| (d) Development Administration | (iv) F.W. Riggs |
| | (v) John M. Gaus |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (v) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**42.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए और दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) प्रथम वित्त आयोग, 1951 | (i) डॉ. सी. रंगाराजन |
| (b) पाँचवा वित्त आयोग, 1968 | (ii) डॉ. विजय केलकर |
| (c) नवाँ वित्त आयोग, 1987 | (iii) एन.के.पी. साल्वे |
| (d) तेरहवाँ वित्त आयोग, 2007 | (iv) महावीर त्यागी |
| | (v) के.सी. निओगी |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (v) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (B) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (ii) | (iv) | (v) | (i) |
| (D) | (v) | (iii) | (i) | (ii) |

**43.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) पी.पी.बी.एस. | (i) ट्रुमैन |
| (b) टॉप-डाउन बजटिंग | (ii) कार्टर |
| (c) शून्य आधारित बजटिंग | (iii) जॉनसन |
| (d) कार्य-निष्पादन बजट | (iv) निकोलस हेनरी |
| | (v) हर्बर्ट साइमन |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (i) | (v) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (v) | (iii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**44.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए और प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) आर्थिक कटौती | (i) माँग की रकम को 100/- रु. तक घटाना । |
| (b) नीति कटौती | (ii) माँग की रकम को विशिष्ट रकम तक घटाना । |
| (c) सांकेतिक कटौती | (iii) माँग की रकम को 1 रु. तक घटाना । |
| | (iv) पूरी माँग को ही रद्द करना । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) |
|---|---|---|---|
| (A) | (ii) | (iii) | (i) |
| (B) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (C) | (i) | (ii) | (iv) |
| (D) | (iii) | (i) | (ii) |

**45.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए और निम्नलिखित कूट में दिए गए विकल्पों का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) तुलनात्मक प्रशासन | (i) रोबर्ट डहल |
| (b) नवीन लोक प्रशासन | (ii) ड्वाइट वॉल्डो |
| (c) प्रशासनिक विकास | (iii) एडवर्ड विडनर |
| (d) विकास प्रशासन | (iv) एफ.डब्ल्यू. रिग्स |
| | (v) जॉन एम. गॉस |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (B) | (ii) | (v) | (iii) | (i) |
| (C) | (iii) | (ii) | (iv) | (v) |
| (D) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

46. Match List – I with List – II, select the correct answer from the codes given below :

| List – I | List – II |
|---|---|
| (a) Rural Works Programme (RWP) | (i) It was replaced by the Bonded Labour Rehabilitation Scheme in 1989 |
| (b) Command Area Development (CAD) | (ii) It took inspiration partially from Maharashtra Employment Generation Scheme (EGS) and is also known as Million wells |
| (c) National Rural Employment Programme (NREP) | (iii) It was replaced by the Draught Prone Area Programme (DPAP) in 1973. |
| (d) Rural Landless Employment Guarantee Programme (RLEGP) | (iv) It ensures all-round development of the major irrigation projects |
| | (v) It was restructured form of the food for work programme |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |
| (B) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (i) | (v) | (iii) | (iv) |

Read the passage below, and answer the questions that follow based on your understanding of the passage :

Citizen's charter is the latest device to structure citizen administration relationship. Citizens' charter is aimed at demanding from the Government and the service organizations the fundamentals of accountability, transparency, quality and choice of services supplied to people. The concept of citizens' charter was initiated by 'Common Cause' in 1994. In UK, where the charter has been widely in use, a committee was constituted under John Major, the then Prime Minister. The Prime Minister's office was continuously monitoring the progress of citizens' charter in different departments and service organizations. It has now become customary for the Prime Minister to submit a report to Parliament about the progress of the Charter formulated by different ministries. The Prime Minister's report contains comparative estimate of performance over time and explains whether efficiency has been up to some standards. If the performance has excelled, it is shown with a 'right' mark and if deteriorated, with a cross (×) mark.

The charter marks are awarded to the personnel in specific ministries and agencies. The nominations are sent by citizens who avail the services. As a mark of honour for the excellent services rendered, the photographs of recipients of charter mark awards are exhibited in the offices. If the standards of performance are not maintained or for any delay or shortfall in performance, the concerned department has to pay compensation.

**46.** सूची – I का सूची – II से मिलान कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) ग्रामीण कार्य कार्यक्रम | (i) इसे "बंधुआ मज़दूर पुनर्वास योजना, 1989" के स्थान पर लागू किया गया । |
| (b) कमांड क्षेत्र विकास | (ii) इसे आंशिक रूप से "महाराष्ट्र रोजगार सृजन योजना" से प्रेरणा मिली है । इसे "लाखों कुओं" के रूप में भी जाना जाता है । |
| (c) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम | (iii) इसे सूखा संभाव्य क्षेत्र कार्यक्रम (DPAP), 1973 के स्थान पर लागू किया गया । |
| (d) ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी कार्यक्रम | (iv) इससे प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं का समग्र विकास सुनिश्चित हुआ है । |
| | (v) इसे "कार्य के बदले अनाज कार्यक्रम" के स्थान पर पुनर्गठित किया गया था । |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (iii) | (iv) | (v) | (ii) |
| (B) | (v) | (iv) | (ii) | (i) |
| (C) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (D) | (i) | (v) | (iii) | (iv) |

निम्न परिच्छेद को पढ़िए तथा आगे दिए गए प्रश्नों के उत्तर इस परिच्छेद की अपनी जानकारी के आधार पर दीजिए :

नागरिक घोषणापत्र नागरिक प्रशासन सम्बन्धों की संरचना का नवीनतम साधन है । नागरिक घोषणापत्र का उद्देश्य सरकार और सेवा संगठनों से उत्तरदायित्व, पारदर्शिता, गुणवत्ता और लोगों को दी जाने वाली सेवाओं के विकल्प की मूलभूत बातों की मांग करना है । नागरिक घोषणापत्र की अवधारणा वर्ष 1994 में "सामान्य हित" के लिये प्रारम्भ की गई थी । यू.के. में, जहाँ यह घोषणापत्र व्यापक रूप से प्रयोग में है, तत्कालीन प्रधानमन्त्री जॉन मेजर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया था । प्रधानमन्त्री कार्यालय विभिन्न विभागों और संगठनों में नागरिक घोषणापत्र की प्रगति का लगातार अनुश्रवण कर रहा है । अब प्रधानमन्त्री के लिये यह एक परिपाटी बन गई है कि वह विभिन्न मन्त्रालयों द्वारा तैयार किये गये घोषणापत्र की प्रगति के बारे में संसद में प्रतिवेदन प्रस्तुत करें । प्रधानमन्त्री के प्रतिवेदन में बहुत समय तक के कार्य निष्पादन का तुलनात्मक प्राक्कलन होता है तथा यह बताया जाता है कि दक्षता कुछ स्तर तक रही है अथवा नहीं । यदि कार्य निष्पादन उत्कृष्ट रहा हो तो इस पर "सही" का निशान लगाया जाता है और यदि अपेक्षित स्तर का नहीं रहा हो तो काटने (×) का निशान लगाया जाता है ।

घोषणापत्र के निशान विशिष्ट मन्त्रालयों तथा अभिकरणों के कार्मिकों को दिया जाता है । ये नामांकन उन नागरिकों द्वारा दिये जाते हैं जो सेवाओं का उपयोग करते हैं । उपलब्ध की गई उत्कृष्ट सेवाओं के सम्मान के प्रतीक के रूप में घोषणापत्र के निशान प्राप्त करने वाले कार्मिकों के फोटोग्राफ कार्यालयों में लगाये जाते हैं । यदि कार्य निष्पादन के मानक बनाये नहीं रखे गये या कार्य निष्पादन के मानकों को प्राप्त करने के लिये देरी हुई हो या उनमें कमी रही हो तो सम्बन्धित विभाग को क्षतिपूर्ति करनी पड़ती है ।

The charter is no doubt an innovative device; but its formulation and enforcement are no easy tasks. Fairly precise standards of performance have to be set. There has to be some body or authority to monitor performance and watch violations and maintenance. The citizens have to play an active role in giving timely and necessary feedback about services rendered by the Government agencies. Within the organizations, the employees must be psychologically and infrastructurally well-prepared to serve the public as per the agreed-upon standards.

In India the Prime Minister inaugurated a Conference of the Chief Secretaries in November 1996 on "an agenda for an effective and responsive administration" in order to restore the faith of the people in the fairness and capacity of the administration at different levels. It was admitted that the public agencies had been inward looking and were alienated from the people……… As explained by the Government, the charter places the citizen at the centre of administration, instead of treating him as a passive recipient of services rendered without regard for quality, cost or timeliness.

**47.** Citizens' Charter aims at

(A) Accountability

(B) Transparency

(C) Quality and choice of services

(D) All the above

**48.** P.M.'s Office does not do the following :

(A) Monitoring the progress of citizen's charter.

(B) Estimating the performance of different ministries.

(C) Paying compensation for low performance.

(D) Submitting the report to Parliament about the progress of the charters formulated by different ministries.

**49.** Successful implementation of citizens' charter requires

(A) setting up of precise standards of performance.

(B) having an authority to monitor performance.

(C) having feedback by the citizens about the services rendered.

(D) all the above

**50.** The Government of India does not want

(A) to treat citizens as passive recipients of services

(B) to treat citizens at the centre of administration.

(C) to restore faith of the people in the fairness of administration

(D) all the above

घोषणापत्र निस्संदेह एक नवीन उपाय है, किन्तु इसे तैयार करना और लागू करना एक आसान कार्य नहीं है । कार्य-निष्पादन के समुचित सुस्पष्ट मानक तय करने होंगे । कोई ऐसा निकाय या प्राधिकरण होना चाहिये जो कार्य-निष्पादन और उसके उल्लंघन तथा अनुरक्षण का अनुश्रवण करे । नागरिकों को सरकारी अभिकरणों द्वारा दी गई सेवाओं के बारे में समय पर और आवश्यक प्रतिपुष्टि करने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी । संगठन के अंदर कर्मचारियों को चाहिये कि वे तय किये मानकों के अनुसार मानसिक रूप तथा संगठनात्मक ढंग से जनता की सेवा करने के लिये अच्छी तरह से तैयार रहें ।

भारत में प्रधानमन्त्री ने नवम्बर, 1996 को विभिन्न स्तरों पर प्रशासन की निष्पक्षता और क्षमता में लोगों का विश्वास बनाये रखने के लिये "प्रभावी और उत्तरदायी प्रशासन सम्बन्धी कार्य-सूची" विषय पर मुख्य सचिवों के सम्मेलन का उद्घाटन किया । यह बात स्वीकार की गई कि सरकारी अभिकरण अन्तर्मुखी रहे हैं तथा जनता से विमुख भी । जैसा सरकार ने बताया है कि घोषणापत्र के माध्यम से नागरिक को, गुणवत्ता, लागत या समयोचितता पर ध्यान दिये बिना दी गई सेवाओं का निष्क्रिय प्राप्तकर्ता के रूप में समझने के बजाय, प्रशासन के केन्द्र के रूप में रखा गया है ।

**47.** घोषणापत्र का उद्देश्य

(A) उत्तरदायित्व

(B) पारदर्शिता

(C) सेवाओं की गुणवत्ता और चयन

(D) उपर्युक्त सभी

**48.** प्रधानमन्त्री का कार्यालय निम्न कार्य नहीं करता :

(A) नागरिक घोषणापत्र का अनुश्रवण ।

(B) विभिन्न मन्त्रालयों के कार्य-निष्पादन का प्राक्कलन ।

(C) न्यून कार्य-निष्पादन के लिये क्षतिपूर्ति ।

(D) विभिन्न मन्त्रालयों द्वारा तैयार किये गये घोषणापत्रों की प्रगति के बारे में संसद में प्रतिवेदन प्रस्तुत करना ।

**49.** नागरिक घोषणापत्र के सफल कार्यान्वयन के लिये अपेक्षित है

(A) कार्य-निष्पादन के सुस्पष्ट मानक तय करना ।

(B) कार्य-निष्पादन का अनुश्रवण करने के लिये प्राधिकारी का होना ।

(C) उपलब्ध की गई सेवाओं के बारे में नागरिकों द्वारा प्रतिपुष्टि करना ।

(D) उपर्युक्त सभी ।

**50.** भारत सरकार नहीं चाहती है कि

(A) नागरिकों को सेवाओं के निष्क्रिय प्राप्तकर्ता के रूप में समझा जाय ।

(B) नागरिकों को प्रशासन का केन्द्र समझा जाय ।

(C) प्रशासन की निष्पक्षता में लोगों का विश्वास बना रहे ।

(D) उपर्युक्त सभी ।